बिहार विकास मिशन
(मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के शासकीय अधीन)
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम कैम्पस,
हॉस्पिटल रोड, राजवंशी नगर, पटना–800023
E-Mail: bvm.msoffice@gmail.com
दूरभाष संख्याः–0612–2285262

**संoसंo–बिoविoमिo–स्थाo–(बैठक)–02/2018..495......पटना, दिनांक 18/4/23**

## –:: आदेश ::–

मुख्य सचिव, बिहार–सह–अध्यक्ष, कार्यकारी समिति, बिहार विकास मिशन की अध्यक्षता में बिहार विकास मिशन की दिनांक–13.08.2018 को सम्पन्न कार्यकारी समिति की बैठक की कार्यवाही, संसूचित ज्ञापांक–1089, दिनांक–28.08.2018 के कार्यावली संo–15 के आलोक में बिहार विकास मिशन में संविदा के आधार पर नियोजित कर्मियों द्वारा HR Manual की पॉलिसी संo–19 की कंडिका 4.6 एवं उनके साथ हुए एकरारनामा में अंकित शर्तों के अनुरूप त्याग पत्र से पूर्व 30 दिनों का Notice अवधि की सूचना नहीं देने के कारण क्षतिपूर्ति की वसूली करने में हो रही कठिनाई एवं बिहार विकास मिशन पर बंधेज रहने के कारण बिहार विकास मिशन के कार्यालय आदेश संo–1111, दिनांक–31.08.2018 की कंडिका (ii) एवं कार्यालय आदेश संo–1163, दिनांक–13.09.2018 द्वारा HR Manual की Policy संo–19 की कंडिका–4.6 में निम्न अंश जोड़ा गया थाः–

''बिहार विकास मिशन में नियोजित होने वाले सभी कर्मियों के प्रथम 04 (चार) माह में मासिक मानदेय राशि का 1/4th (एक चौथाई) अर्थात् कुल 01(एक) माह का मानदेय बिहार विकास मिशन में जमा रहेगा, जिसका उपयोग आवश्यकतानुसार क्षतिपूर्ति हेतु किया जा सकेगा। यदि किसी कर्मी ने नियमानुसार पूरी संविदा अवधि में कार्य कर लिया है अथवा नियमानुसार स्वीकृत त्यागपत्र के उपरांत उक्त जमा राशि वापस कर दी जायेगी।

उपर्युक्त के प्रसंग में स्पष्ट करना है कि उक्त प्रावधान निम्न कर्मियों पर आदेश निर्गत की तिथि दिनांक–31.08.2018 के प्रभाव से प्रभावी होगाः–

i) बिहार विकास मिशन में नवनियोजित (संविदा पर) होने वाले सभी कर्मी।

ii) बिहार विकास मिशन में पूर्व से नियोजित सभी संविदा कर्मी, जिनका एकरारनामा नवीकरण/ विस्तार उक्त कार्यालय आदेश निर्गत होने के पश्चात् (अर्थात् दिo–31.08.2018) किया गया/ किया जायेगा, इन कर्मियों हेतु प्रथम 04 (चार) माह की गणना उनके एकरारनामा नवीकरण माह/ विस्तारित माह से की जायेगी।''

**02.** बिहार विकास मिशन में संविदा के आधार पर नियोजित कर्मियों से प्राप्त आवेदनों पर सम्यक् विचारोपरांत बिहार विकास मिशन के कार्यालय आदेश संo–1111, दिनांक–31.08.2018 की कंडिका (ii) एवं कार्यालय आदेश संo–1163, दिनांक–13.09.2018 द्वारा HR Manual की Policy संo–19 की कंडिका–4.6 में शामिल किए गए अंश को रद्द करते हुए, उक्त 01 माह के समतुल्य जमा मानदेय की राशि निम्न शर्तों के साथ वापस किये जाने का निर्णय लिया गया हैः–

(क) बिहार विकास मिशन के कार्यालय आदेश संo–681, दिनांक–06.05.2019 को रद्द करते हुए बिहार विकास मिशन में संविदा के आधार पर नियोजित कर्मियों को मासिक मानदेय का भुगतान उनकी प्रत्येक माह की उपस्थिति विवरणी प्राप्त होने पर की जायेगी।

(ख) बिहार विकास मिशन में संविदा के आधार पर नियोजित कर्मियों द्वारा HR Manual में वर्णित प्रावधानों एवं उनके साथ हुए एकरारनामा में अंकित शर्त्तों के आलोक में त्यागपत्र समर्पित करने से पूर्व नोटिस अवधि (30 दिन) की सूचना नहीं देने पर HR Manual के Policy No.- 19 की कंडिका 06 के अंतर्गत Misconduct मानते हुए संबंधित कर्मी बिहार विकास मिशन की सेवा से बर्खास्तगी (Termination) के पात्र होंगे एवं उक्त कर्मी की बिहार विकास मिशन में पुनर्नियोजन की अहर्त्ता नहीं रहेगी।

**03.** इसमें मुख्य सचिव, बिहार–सह–अध्यक्ष, कार्यकारी समिति, बिहार विकास मिशन का अनुमोदन प्राप्त है।

18/04/2023

**(मिथिलेश मिश्र)**
**मुख्य महाप्रबंधक**

**ज्ञापांक :- बि०वि०मि०-स्था०-(बैठक)-02/2018**...495.......**पटना, दिनांक** ...18/4/23...

**प्रतिलिपि :-** विकास आयुक्त, बिहार/ सभी विभागीय अपर मुख्य सचिव/ प्रधान सचिव/ सचिव/ मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

18/04/2023

**मुख्य महाप्रबंधक**

**ज्ञापांक :- बि०वि०मि०-स्था०-(बैठक)-02/2018**...495.......**पटना, दिनांक** ...18/4/23...

**प्रतिलिपि :-** मिशन निदेशक/ अपर निदेशक (प्रोग्राम मॉनिटरिंग)/ अपर निदेशक (प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन)/ सभी उप-मिशन निदेशक/ महाप्रबंधक-(Recruitment), Procurement & Legal/ महाप्रबंधक-HR (Management) & IT/ महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

18/04/2023

**मुख्य महाप्रबंधक**

**ज्ञापांक :- बि०वि०मि०-स्था०-(बैठक)-02/2018**...495.......**पटना, दिनांक** ...18/4/23...

**प्रतिलिपि :-** सभी जिला पदाधिकारी/ सभी जिला योजना पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

18/04/2023

**मुख्य महाप्रबंधक**

**ज्ञापांक :- बि०वि०मि०-स्था०-(बैठक)-02/2018**...495.......**पटना, दिनांक** ...18/4/23...

**प्रतिलिपि :-**बिहार विकास मिशन में संविदा नियोजित सभी कर्मी (जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र सहित) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

18/04/2023

**मुख्य महाप्रबंधक**

**ज्ञापांक :- बि०वि०मि०-स्था०-(बैठक)-02/2018**...495.......**पटना, दिनांक** ...18/4/23...

**प्रतिलिपि :-** आई०टी० मैनेजर, बिहार विकास मिशन को website पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

18/04/2023

**मुख्य महाप्रबंधक**

6.11 A.M
18/4/23